भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-19
उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

11वीं और 12वीं कक्षा के लिए एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को अद्यतन बनाना/उनका संशोधन

†*19. श्री शफी परम्बिल:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एनसीईआरटी ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के पाठ्यक्रम के संशोधन/उन्नयन के रूप में 11वीं और 12वीं कक्षा की सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकों में परिवर्तन किया है;
(ख) यदि हां, तो शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 11वीं और 12वीं कक्षा के प्रत्येक विषय में किए गए परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने और उसमें सुधार करने का क्या औचित्य है;
(घ) क्या सरकार की एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के पाठ्यक्रम की पुनर्संरचना हेतु एक समिति गठित करने की योजना है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ड.): विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

******

11वीं और 12वीं कक्षा के लिए एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को अद्यतन बनाना/उनका संशोधन के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 22.07.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 19 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): कोविड-19 - महामारी की स्थिति के दौरान, स्कूल शिक्षा के सभी चरणों के छात्रों ने ऑनलाइन और अन्य तरीकों से अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए बहुत संघर्ष किया है। तथापि, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में निहित विषय-वस्तु भार सहित पाठ्यक्रम भार से संबंधित चिंताएँ विभिन्न पक्षों द्वारा उठाई गई हैं। इसलिए, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने वर्ष 2021-22 में ग्रेड XI और XII सहित सभी ग्रेड और विषयों में मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार पाठ्यपुस्तकों की सामग्री को युक्तिसंगत और अद्यतन किया है। ओवरलैप सामग्री, उच्च कठिनाई स्तर आदि सहित सामग्री भार के युक्तिसंगतकरण के लिए विशिष्ट मानदंड भी बनाए गए थे।

सत्र 2022-23 से अनवरत ये पाठ्यपुस्तकें जारी हैं। तदनुसार, ज्ञान, तथ्यों और उनकी व्याख्याओं के विकास के कारण वर्ष 2023-24 में कुछ अद्यतन शामिल किए गए। युक्तिसंगतकरण का ब्यौरा ऑनलाइन अपलोड की गई पाठ्यपुस्तकों में उल्लिखित है। विषय क्षेत्रों में ग्रेड XI और XII के युक्तिसंगतकरण का ब्यौरा निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://ncert.nic.in/pdf/BookletClass11.pdf and

https://ncert.nic.in/pdf/BookletClass12.pdf

(घ) और (ड.): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई) 2023 के अनुसरण में, एनसीईआरटी कक्षा III से XII के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार करने की प्रक्रिया में है। पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक तैयार करने की पूरी प्रक्रिया की देखरेख के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति (एनएसटीसी) का गठन किया गया है। इस एनएसटीसी के तहत, विषयवार पाठ्यक्रम और शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार करने के लिए पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों का गठन किया गया है, जिनमें क्रॉस-पाठ्यचर्या विषयों वाली पाठ्यपुस्तकें शामिल हैं।

*****